
राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: ०२, दिनांक: २५.०९.२०२५

नवरात्र: अहमदाबाद में हरेक टर्मिनल से रात 10 बजे बाद 30 मिनट में चलेगी ट्रेन, मोटेरा टर्मिनल से गांधीनगर तक हर एक घंटे में चलेगी, चार घंटे समय बढ़ाया

# अहमदाबाद-गांधीनगर में कल से रात दो बजे तक दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** नवरात्रि के दौरान गरबा के खेलैयाओं और आम लोगों को ध्यान में रखकर शुक्रवार से देर रात दो बजे तक मेट्रो ट्रेन दौड़ाने का निर्णय लिया गया है। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) की ओर से संचालित मेट्रो ट्रेन का सामान्य समय सुबह 6.20 बजे से रात 10 बजे तक है। नवरात्रि के दौरान 26 सितंबर से इसका समय रात में चार घंटे और बढ़ा दिया गया है। अहमदाबाद के थलतेज, वस्त्राल, कोटेश्वर रोड और एपीएमसी टर्मिनल से अंतिम ट्रेन 2 बजे रवाना होगी। अहमदाबाद के मोटेरा से गांधीनगर जाने के लिए भी अंतिम ट्रेन दो बजे रवाना होगी, वहीं गांधीनगर से मोटेरा के लिए अंतिम ट्रेन एक बजे प्रस्थान होगी।



अहमदाबाद में दौड़ती मेट्रो ट्रेन।

जीएमआरसी की ओर से कहा गया कि नवरात्रि महोत्सव को ध्यान में रखकर शुक्रवार अहमदाबाद के साथ-साथ गांधीनगर तक रात दो बजे तक मेट्रो ट्रेन की सेवाएं कार्यरत की जाएंगी। वस्त्राल गाम से थलतेज गाम कॉरिडोर में दो बजे तक ट्रेन रात 10 बजे के बाद हरेक 30 मिनट में रवाना होगी।

इसी तरह कोटेश्वर रोड एपीएमसी कॉरिडोर में भी 30 मिनट के अंतराल पर दौड़ेगी। जबकि मोटेरा स्टेडियम से गांधीनगर सेक्टर-एक तक रात रात 10 बजे के बाद एक घंटे में ट्रेन चलेगी। मतलब 10 बजे के बाद 11 बजे, 12 बजे, एक बजे और रात दो बजे ट्रेन प्रस्थान होगी। जबकि गांधीनगर सेक्टर-1 से रात 10 बजे, 11 बजे, 12 बजे और अंतिम ट्रेन एक बजे प्रस्थान होगी।

## 50 रुपए का स्पेशल टिकट ही मान्य

**बढ़ाए** गए समय में मेट्रो ट्रेन का यात्रा के लिए 50 रुपए का स्पेशल पेपर टिकट ही मान्य रहेगा। यह टिकट सभी मेट्रो ट्रेन के स्टेशनों पर उपलब्ध होगा। इसका उपयोग केवल एक ही यात्रा के लिए हो सकेगा।